# परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मन्दिर

सीनियर सैकेण्डरी स्कूल (आवासीय)

गौशाला नगर, वृन्दावन

# दिशा दर्पण

(विद्यालय गतिविधि/क्रियाकलाप समाचार)






अंक : 2

प्रकाशन तिथि : 01 मार्च 2025

अवधि : दिसम्बर, जनवरी, फरवरी 2025

## वृन्दावन दर्शन



दिनांक 08.12.2024 को छात्रावास के छात्रों ने वृंदावन दर्शन एवं भ्रमण का आनंद लिया।

## छात्रावास स्वास्थ्य परीक्षण



दिनांक 9 दिसंबर 2024 को केडी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मथुरा द्वारा छात्रावास में अध्ययनरत छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें सभी छात्रों का दांत परीक्षण, नेत्र परीक्षण, नाक कान गला परीक्षा तथा अन्य चिकित्सकीय परीक्षण किए गए सभी छात्रों के हेल्थ कार्ड भी बनाए गए तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श भी चिकित्सकों द्वारा दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में कुल 20 चिकित्सकों तथा अन्य मेडिकल स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

## विद्या भारती द्वारा आयोजित हुई गण समता प्रतियोगिता




15 दिसम्बर 2024, रविवार को परमेश्वरी देवी धानुका स.वि.म, वृन्दावन में विद्या भारती, ब्रज प्रान्त द्वारा गण समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्या भारती के विभिन्न विद्यालयों के विभिन्न वर्गो में छात्र, छात्राओं के साथ–साथ आचार्य बंधु एवं आचार्या बहिनों ने भी प्रतिभागिता की। आचार्य वर्ग की समता में बड़ा ही रोचक मुकाबला रहा जिसमें आचार्य वर्ग में परमेश्वरी देवी धानुका ने प्रथम, सविम गोवर्धन ने द्वितीय एवं सविम केशवधाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि आचार्या वर्ग में हनुमान प्रसाद धानुका ने प्रथम और रामकली देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## PT-3 तथा प्री बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन

17 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक विद्यालय में प्री बोर्ड और PT-3 परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

## श्री रामानुजन जयन्ती – गणित सप्ताह



22 दिसंबर को प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री रामानुजन जी की जन्मजयंती के अवसर पर गणित दिवस मनाया गया। अगले एक सप्ताह तक गणित मेला के रूप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।




## प्रशिक्षण कार्यशाला – भौतिकी

22 दिसंबर 2024 को प्रसिद्ध भौतिक विज्ञान के विशेषज्ञ आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर एच. सी. वर्मा के मार्गदर्शन में हिंदुस्तान कॉलेज आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फरह में भौतिक विज्ञान के शिक्षकों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के विज्ञान विभाग के 5 शिक्षकों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। दिनांक 23.12.2024 को विद्यार्थियों ने कार्यशाला में सहभागिता की।

## सेवा विभाग द्वारा कार्यक्रम

तुलसी पूजन दिवस, पंडित मदन मोहन मालवीय तथा श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर 24 को विद्यालय के सेवा विभाग द्वारा बेलवन में माता लक्ष्मी के मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।






## प्रबंध समिति बैठक

5 जनवरी 2025 रविवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नवीन सत्र में प्रवेश, शुल्क, संसाधनों की आवश्यकता तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

## SGFI खेलों में परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने जीते तीन पदक।




रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित SGFI कुराश प्रतियोगिता में परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत पदक तथा दो कांस्य पदक जीत कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

भैया निशांत अंडर 14 वर्ग में 50 किलो में रजत पदक, भैया कुश पांडे अंडर 14 वर्ग में 35 किलो में कांस्य पदक भैया सचिन सिंह अंडर–19 वर्ग में 73 किलो में कांस्य पदक जीता। पदक जीतकर लौटने वाले भैयाओं का मथुरा जंक्शन पर स्वागत किया गया।

## द्वितीय प्री बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन

विद्यालय में 16 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक कक्षा दशम एवं द्वादश हेतु बोर्ड परीक्षा की तैयारी के विषय में प्री बोर्ड परीक्षा–2 का आयोजन किया गया।

## विद्यालय की नवीन वेबसाइट

विद्यालय की नवीन वेबसाइट www.pddsvm.org का लोकार्पण दिनांक 20.01.2025 को किया गया।









## छात्रावास में पब्लिक एड्रेस सिस्टम

छात्रावास में व्यवस्था संबंधित दैनिक सूचनाओं तथा अन्य उपयोग हेतु एक नया पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया गया। सभी आवासीय कक्षों, विशाल कक्ष, भोजनालय, कंप्यूटर लैब आदि में सामूहिक सूचना के उद्देश्य से 8 स्पीकर और एक पावर एमप्लीफायर लगाया गया है



## गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी को भारत का 76वाँ गणतंत्र दिवस विद्यालय में उल्लासपूर्वक मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने घोष प्रदर्शन, शारीरिक प्रदर्शन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

## छात्रावास हेतु लघु पुस्तकालय





छात्रावास में विद्यार्थियों के उपयोग हेतु लघु पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर लैब की स्थापना की गई।



## निर्माण कार्य प्रारंभ

विद्यालय के रिसेप्शन एरिया के विस्तार का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। 24.01.2025 को प्रथम फ्लोर की कास्टिंग का काम पूर्ण हुआ। रिसेप्शन एरिया के विस्तार हेतु निर्माण कार्य में द्वितीय तल की कास्टिंग का भी कार्य 15. 02.2025 को पूर्ण हुआ।

## संगम स्नान तथा कुंभ दर्शन

26–27 जनवरी को विद्यालय के स्टाफ संगम स्नान तथा कुंभ दर्शन हेतु सपरिवार प्रयागराज महाकुंभ यात्रा पर गए।








## छात्रावास भ्रमण

छात्रावास के विद्यार्थियों का स्थानीय भ्रमण जनवरी माह में निम्न स्थानों पर किया गया – भाण्डीर वन, बंशीवट, राधारानी, मानसरोवर, नौका विहार आदि

## योग सप्ताह का आयोजन



विद्यालय में विद्या भारती ब्रज प्रदेश की योजना के अनुसार योग सप्ताह का आयोजन 29 जनवरी से 4 फरवरी 2025 तक किया गया जिसमें विद्यार्थियों को योग आसन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्रदान किया गया योग सप्ताह का समापन सूर्य नमस्कार महायज्ञ के साथ 4 फरवरी को हुआ।



## बसंत पंचमी आयोजन

3 फरवरी 2025 को विद्यालय में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन अर्चन तथा हवन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने इस अवसर पर स्वैच्छिक निधि का समर्पण किया।



## कौशल विकास केंद्र



शिक्षा कायाकल्प न्यास के तत्वावधान में संचालित होने वाले कौशल विकास केंद्र हेतु 24 नए कंप्यूटर विद्यालय को प्राप्त हुए। विद्यालय में शिक्षा कायाकल्प न्यास के तत्वावधान में कौशल विकास केंद्र स्थापित हुआ। फर्नीचर आदि की व्यवस्था विद्यालय द्वारा की गई है।

## एक दिवसीय समीक्षात्मक कार्यशाला




दिनांक 09.02.2025 को विद्या भारती ब्रज प्रदेश की प्रांतीय प्रशिक्षण टोली एवं परिषद की एक दिवसीय समीक्षात्मक कार्यशाला का आयोजन विद्यालय में हुआ जिसमें संगठन मंत्री श्री हरि शंकर जी तथा शिक्षण प्रमुख डॉ अजय शर्मा जी सहित अनेक विद्वान कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

## आशीर्वाद समारोह

दिनांक 10.02.2025 को कक्षा दशम तथा द्वादश के विद्यार्थियों हेतु विद्यालय में आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आशीष प्रदान करने हेतु पूज्य स्वामी गोविंदानंद तीर्थ जी महाराज उपस्थित रहे।



दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर

epaper.nationalexpress.co.in
11 Feb 2025 - Page 9

### वृन्दावन की परिक्रमा के साथ संपन्न हुआ आशीर्वाद समारोह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

वृंदावन। नगर के प्रतिष्ठित परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा दशम और द्वादश के छात्रों का आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। समारोह के प्रथम चरण में प्रातः काल सभी छात्रों ने मां सरस्वती के चरणों में प्रणाम करके पारंपरिक रूप से वृंदावन धाम की परिक्रमा के लिए प्रस्थान किया।

विद्यालय के सभी छात्रों ने बांके बिहारी लाल की जय घोष के साथ इस परिक्रमा का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय में आयोजित द्वितीय चरण में अतिथियों की उपस्थिति में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। सेवा मंगलम संस्थान के अध्यक्ष स्वामी गोविंदानंद तीर्थ ने बालकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि श्रद्धावान व्यक्ति ही ज्ञान को प्राप्त होता है और स्वस्थ्य शरीर मन और आत्मा का सम्मिलन ही श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करता है। परमज्ञान की आधार भूमि को निर्मित करने वाले आचार्य सदैव आदरणीय और उनके प्रति आस्था रखकर ही विद्यार्थी जीवन के सत्य को प्राप्त कर पाता है।


विद्यालय के प्रबंधक शिवेन्द्र गौतम ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्र रक्षा का बल हमारे छात्र जीवन में हमारे हृदय में अंकुरित होना ही चाहिए और विद्या भारती विद्यालयों की परंपरा का पालन करते हुए यह शक्ति जो हमारे अंदर प्रसुप्त पड़ी है उसे जागृत करना भी हम सब का दायित्व है।

कपीश्वर कृष्ण ने छात्रों को परीक्षा हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने और अपनी तैयारी को अत्यधिक प्रभाव शाली बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण संकेत दिए। उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने छात्रों से कहा कि अनुशासन एवं श्रद्धा को हृदय में धारण करते हुए इस परीक्षा रूपी यज्ञ में अपने कर्म की आहुति देंगे तो इसका परिणाम आनंददायक ही प्राप्त होगा। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र गौतम ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत करते हुए स्वागत किया एवं समारोह का संचालन हिंदी विभाग प्रमुख आचार्य रविंद्र पांडे द्वारा किया गया।

<u>महाशिवरात्रि का आयोजन</u>



दिनांक 26.02.2025 को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर छात्रावास के भैयाओं द्वारा पूजा अर्चना व मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया गया।



फरवरी माह में 4 कक्षा कक्षों में तथा अतिथि कक्ष में A.C. लगाए गए।

विद्यालय के प्रवेश द्वार क्रमांक 1 के क्षतिग्रस्त पत्थर की मरम्मत का कार्य 24 जनवरी 2025 को पूर्ण हुआ।






छात्रावास भवन पर बाहरी ओर लगाए जा रहे पत्थर का कार्य जारी है और पूर्णता की ओर है

विद्यालय का प्रवेश द्वार क्रमांक 2 क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण, अस्थाई गेट की व्यवस्था की गई है। स्थाई प्रवेश द्वार के निर्माण की योजना बनाई जा रही है।





**नवीन सत्र हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च 2025 रविवार को किया जा रहा है। परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।**

स्थानीय प्रशासन के सहयोग से विद्यालय में नवीन हाई मास्ट को स्थापित करने के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण हुआ है । शीघ्र ही यह लाइट विद्यालय के मैदान में स्थापित हो जाएगी।

जनवरी 2025

पुस्तकालय तथा प्रयोगशालाओं को व्यवस्थित बनाने हेतु नवीन पुस्तकें क्रय की गईं हैं। प्रयोगशालाओं में भी नवीन उपकरण क्रय किए गए हैं